Regarding non-availability of fertilizers in Kheri Parliamentary Constituency

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर **(खीरी)** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अतिमहत्वपूर्ण विषय खीरी लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत किसानों के बीच खाद संकट की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं । खीरी जनपद की आबादी 40 लाख से ज्यादा है और इस समय जनपद में खाद का भयंकर संकट है ।? (व्यवधान) किसानों को एनपीके और डीएपी नहीं मिल रही है जिसकी वजह से गेहूं और सरसों की बुआई नहीं हो पा रही है । अभी वहां बाढ़ के कारण किसानों की फसलें भयंकर रूप में बर्बाद हुई थीं । अब किसान बुआई के समय एनपीके और डीएपी नहीं मिलने के कारण बहुत परेशान हैं, आत्महत्या के कगार पर हैं । गन्ना मिलों का भुगतान भी समय पर नहीं हो पाया है । किसानों की बहुत समस्याएं हैं । समितियों की तरफ से लगातार खाद की मांग की जा रही है, लेकिन खाद की बिल्कुल आपूर्ति नहीं है ।?(व्यवधान) पूरे जनपद में खाद का भयंकर संकट छाया हुआ है ।

12.24 hrs (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

महोदय, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि खीरी लोक सभा जनपद में डीएपी और एनपीके की आपूर्ति सुचारू रूप से कराई जाए ताकि किसान खाद पाएं और सुचारू रूप से फसलों की बुआई कर सकें । अगर खाद का संकट दूर नहीं किया गया, तो किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगे । इसलिए वहां खाद की आपूर्ति जरूर कराई जाए । धन्यवाद ।